समस्या | वार्ड 17 में बढ़ती समस्याओं से जनता परेशान, तीन किलोमीटर दूर पार्षद का घर

वार्ड में चुनाव के बाद से नहीं दिखे पार्षद खंडेलवाल

नवभारत, धनपुरी। नगर पालिका का वार्ड क्रमांक 17 हमेशा किसी न किसी कारण से चर्चा में बना रहता है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि नगर पालिका धनपुरी के नगर पालिका के उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल इसी वार्ड से पार्षद हैं। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि वार्ड पार्षद को सिर्फ चुनाव के ही समय देखा गया उसके बाद आज तक पार्षद का वार्ड में आना तो दूर वार्ड वासियों को पहचाना भी नहीं जाता ।



नगर पालिका चुनाव के दौरान वार्ड के विकास, साफ-सफाई, बेहतर सड़कें, नालियों की व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने जैसे कई बड़े वायदे किए गए थे। लेकिन चार वर्षों का कार्यकाल गुजर जाने के बाद भी वार्ड की स्थिति देखकर यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर उन वायदों का कितना पालन हुआ। सबसे अधिक चर्चा का विषय यह भी है कि वार्ड 17 के पार्षद और नगर पालिका उपाध्यक्ष का निवास इस वार्ड में न होकर वार्ड क्रमांक 3 में है, जो लगभग तीन किलोमीटर दूर पड़ता है। ऐसे में यदि वार्ड के लोगों को किसी समस्या को लेकर पार्षद से अपनी समस्या को लेकर जाते हैं तो पार्षद द्वारा पहचाने से इंकार कर दिया जाता है द्य स्थानीय नागरिकों का कहना है कि छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी कई बार चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे आम जनता को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ती है।इधर नगर पालिका द्वारा वभिन्न प्रकार संपत्ति कर में की गई वृद्धि ने भी लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। वार्ड के नागरिकों का कहना है कि सुविधाएं पहले से बेहतर होने के बजाय और खराब हो रही हैं, जबकि टैक्स लगातार बढ़ाया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि संपत्ति कर के नाम पर आम जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है, लेकिन बदले में मूलभूत सुविधाएं तक ठीक से उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं।

वार्ड में आवारा पशुओं की समस्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक मवेशियों का जमावड़ा आम बात हो गई है। इससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बाद भी नगर पालिका उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल इस समस्या को गंभीरता से नहीं लेते । बरसात का मौसम नजदीक आते ही लोगों की चिंता और बढ़ गई है।वार्ड की कई नालियां गंदगी से भरी हुई हैं और उनकी सफाई समय पर नहीं हुई है। कई स्थानों पर नालियां टूटी हुई हैं, जिससे पानी निकासी की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यदि समय रहते सफाई और मरम्मत कार्य नहीं किया गया तो बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति बन सकती है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होने के साथ-साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है। वार्ड की सड़कों की हालत भी किसी से छिपी नहीं है। कई जगह सड़कें टूट चुकी हैं और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश शुरू होने के बाद यह स्थिति और खतरनाक हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। कुछ जगहों पर अस्थायी मरम्मत कर दी जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में सड़कें फिर खराब हो जाती हैं। स्वच्छता व्यवस्था की स्थिति भी बेहद चिंताजनक बनी हुई है। वार्ड के कई हिस्सों में नियमित रूप से कचरा उठाव नहीं हो रहा।

मनपसंद क्षेत्रों की समस्या उठा रही कांग्रेस

बुढ़ार की समस्याओं की जिला कांग्रेस कर रही उपेक्षा

नवभारत,बुढार । शहडोल कांग्रेस इन दिनों व्यक्तिगत एजेंडे का शिकार हो चुकी है। शहडोल जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शायद इस बात से अनभिज्ञ है की कोयलांचल एवं बुढार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा सिर्फ धनपुरी से संबंधित मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है लेकिन जब बात बुढार की आती है तो जिला कांग्रेस ब्लॉक कांग्रेस बैकफुट पर नजर आती है बुढार में आमजनमानस की समस्याओं पर कांग्रेस संगठन ने आज दिनांक तक एक भी विरोध प्रदर्शन नही किए।

बुढार की संवेदनशील समस्याओं पर मौन कांग्रेस

बुढार नगर की सबसे बड़ी समस्या है यहां पर जल के निकासी की उत्तम व्यवस्था न होना, निर्माण कार्यों में अनियमितताएं, परिषद का भ्रष्टाचार बाल उद्यान की उपेक्षा उखड़ी सड़कें, बजबजाती नालियां शहर के बीचों बीच से निकलने वाली कोयले की गाडियां जिससे उत्पन्न डस्ट की वजह से व्यापारियों को राहगीरों को बड़ी मुस्किल का सामना करना पड़ता है कोयले से लदी गाडियां जहां एक ओर भारी प्रदूषण की जननी होती है वही दूसरी ओर इन गाड़ियों की अनियंत्रित रफ्तार किसी भी दिन किसी राहगीर की जान ले सकती है लेकिन कांग्रेस इन सभी विषयों पर मौन है आनंद क्लोराइड केमिकल फैक्ट्री के नियम विरुद्ध संचालन पर भी कांग्रेस ने आज दिनांक तक कोई निर्णायक आंदोलन नही किया बहुजन गोडवाना पार्टी के द्वारा क्रमिक अनशन किया गया था प्रशासन के अधिकारियों के आश्वाशन के बाद बहुजन गोडवाना पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनशन खत्म किया था किंतु कांग्रेस के कान में जूं तक नहीं रेंगी बुढार थाना क्षेत्र अंतर्गत जुआ सट्टा किंग लगातार अपने साम्राज्य को आगे बढ़ा रहे हैं कोई भाजपा का नेता है तो कोई कांग्रेस का रेत के कारोबार में भी सफेदपोशों की संलिप्तता कोयले के काले कारोबार में बुढार का नाम प्रथम स्थान पर है लेकिन कांग्रेस ने आज कोई विरोध प्रदर्शन नही किया क्या बुढार थाना क्षेत्र या बुढार नगर के प्रशासनिक क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी विरोध करने से डरती है या फिर कोई गुप्त समझौता कांग्रेस और माफियाओं के बीच हो चुका है बड़ा सवाल है खैर जो भी हो नगर पालिका धनपुरी में भी कांग्रेस पार्षद मलाई खाने में व्यस्त है और विरोध की लड़ाई भाजपा के पार्षद लड़ रहे हैं लेकिन मजाल है कांग्रेस ने आज तक अपने पार्षदों पर कोई संगठनात्मक कार्यवाही की हो लेकिन ठीक इसके उलट कांग्रेस ने अपने चहेते बिकाऊ नेताओं को नया पद देकर उपकृत जरूर किया है नगर पालिका परिषद धनपुरी की खामियां सबको दिखती हैं लेकिन जब बात बुढार की होती है तब सभी तथाकथित पत्रकार हो नेता हो या स्वयंभू पदवीर सबकी आंखों में पट्टी चढ़ जाती है आखिर कांग्रेस पार्टी का यह दोहरा चरित्र क्यों देखने को मिलता है बड़ा सवाल है!

इनका कहना है

इस संबंध में जब जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी से बात की गई तो उन्होंने कहा आगामी समय में बुढार में जन हित के विषयों को लेकर लगातार आंदोलन और विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे।

एक नजर में

जिले में 44 पंच, 6 सरपंच और एक जनपद सदस्य पद के लिए होगा चुनाव

नवभारत, शहडोल। जिले में पंचायत उप निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 8 सितंबर 2026 से पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। जिले में रिक्त 44 पंच, 6 सरपंच एवं एक जनपद सदस्य पद के लिए निर्वाचन कराया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुढ़ार जनपद पंचायत में पंच एवं सरपंच पदों के लिए नाम निर्देशन पत्र तहसील कार्यालय बुढ़ार, सोहागपुर जनपद पंचायत में पंच एवं सरपंच पदों के लिए तहसील कार्यालय सोहागपुर, गोहपारू जनपद पंचायत में पंच पद के लिए जनपद पंचायत कार्यालय गोहपारू, जयसिंहनगर जनपद पंचायत में पंच एवं सरपंच पदों के लिए तहसील कार्यालय जयसिंहनगर तथा ब्यौहारी जनपद पंचायत में पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य पद के लिए नाम निर्देशन पत्र तहसील कार्यालय ब्यौहारी में जमा किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र निर्धारित स्थलों पर प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। 16 सितंबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी, जबकि अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 18 सितंबर निर्धारित है। इसी दिन दोपहर 3 बजे के बाद अभ्यर्थियों की अंतिम सूची का प्रकाशन एवं निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। पंचायत उप निर्वाचन के लिए 29 सितंबर को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। पंच पद के लिए मतगणना मतदान समाप्ति के तुरंत बाद संबंधित मतदान केंद्र पर ही की जाएगी। मतदान केंद्र पर की गई मतगणना, सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा विकासखंड मुख्यालय में 5 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से होगी। वहीं सरपंच एवं जनपद सदस्य पद के मतों का सारणीकरण तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा खंड स्तर पर 3 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य के लिए मतगणना, सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा जिला मुख्यालय में 5 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे से की जाएगी।

9-10 सितंबर को शहडोल में भारी बारिश की चेतावनी

नवभारत, शहडो। जिले में मानसून एक बार फिर सक्रिय होता नजर आ रहा है। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 9 सितंबर को शहडोल में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही गरज-चमक, वज्रपात और तेज हवाओं की स्थिति बनने की संभावना है। मौसम संबंधी ताजा रिपोर्टों के मुताबिक 9 से 10 सितंबर की सुबह तक शहडोल सहित रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर और मंडला में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं 10 सितंबर से 11 सितंबर की सुबह तक भी शहडोल संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश का दौर



जारी रहने के आसार हैं। बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर वज्रपात की संभावना भी बताई गई है। ऐसे में जिला प्रशासन ने निचले इलाकों, नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील किए जाने की जरूरत है।लगातार बारिश के कारण पहले से जलभराव वाले क्षेत्रों में लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

भाजपा धनपुरी मंडल में अजजा मोर्चा अध्यक्ष कोल का स्वागत

फटाखे फोड़े और पुष्पमालाओं से किया अभिनंदन

नवभारत, धनपुरी। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश कुमार कोल का धनपुरी मंडल में प्रथम आगमन हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नगर पालिका धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा एवं मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी के साथ पुष्पमालाएं पहनाकर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का आत्मीय एवं भव्य



स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश कुमार कोल ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक विषयों पर आत्मीय चर्चा एवं संवाद किया। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा पार्टी की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा, उपाध्यक्ष जगदीश सेन, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता शर्मा, पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री सूर्यप्रकाश रजक, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रकाश रौतेल, अजजा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष केशभान मांझी, मंडल मंत्री नीरज पाल, अशोक प्रताप सिंह, काशी लोधी, कौशल प्रताप सिंह, युवा नेता जयंत जसवानी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अरविंद रजक, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश जायसवाल, अनुसूचित जनजाति मंडल अध्यक्ष आलेख मोंगरे, संदीप कुमार पनिका, गुड्डू दाहिया, अशोक कोल, दीपक बर्मन, प्रकाश पनिका, आशीष यादव, राजेश कोल, सुभाष कोल सहित भाजपा मंडल धनपुरी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मां काली मंदिर की व्यवस्था के लिए बना ट्रस्ट

धर्म, सेवा और लोक धरोहर के संरक्षण के उद्देश्य से ट्रस्ट का पंजीयन

नवभारत, सिंहपुर। सिंहपुर स्थित प्रसिद्ध मां काली मंदिर की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने और धार्मिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा संधारित मां काली मंदिर लोक न्यास, सिंहपुर का विधिवत पंजीयन किया गया है। न्यास का उद्देश्य धर्म, सेवा और लोकधरोहर के संरक्षण के लिए कार्य करना बताया गया है। न्यास की प्रबंधन व्यवस्था में कलेक्टर शहडोल को



प्रबंधक, जबकि सोहागपुर एसडीएम को संरक्षक तथा तहसीलदार सोहागपुर को पदेन सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। न्यास के अध्यक्ष के रूप में शिवनारायण द्विवेदी तथा उपाध्यक्ष के रूप में मनीष शुक्ला का नाम दर्ज है। सह-सचिव की जिम्मेदारी श्रवण श्रीवास्तव तथा सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दीपेश तिवारी को दी गई है। स्थायी सदस्य के रूप में जगदीश प्रसाद तिवारी का नाम दर्ज है।


20 सदस्यों को मिली जिम्मेदारी

लोक न्यास की सदस्य सूची में कुल 20 न्यासी एवं सदस्य शामिल हैं। सूची में सांसद प्रतिनिधि के रूप में मनोज त्रिपाठी और विधायक प्रतिनिधि के रूप में अमरेंद्र तिवारी सहित सिंहपुर, शहडोल, बुढ़ार, नरगी, धुरवार, ऐताझर और जैतपुर क्षेत्र से शिवनारायण द्विवेदी, रामजी शर्मा, श्रवण श्रीवास्तव, आदेश तिवारी, सूर्यकांत मिश्रा , विकास कुमार, जगदीश प्रसाद तिवारी, दीपेश तिवारी, प्रकाश तिवारी, रश्मि तिवारी, अनूप तिवारी, मनीष कुमार शुक्ला, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, मृत्युंजय मिश्रा, सुनील कुमार शर्मा, समीर अग्रवाल, गिरीश श्रीवास्तव, विवेक कुमार तिवारी । को शामिल किया गया है।लोक न्यास के गठन से मां काली मंदिर की धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को संस्थागत स्वरूप मिलने की उम्मीद है।

साइबर ठगी की शिकायत के लिए थानों में बनी डेस्क

पीड़ितों को अब नजदीकी थाने में मिलेगी मदद

नवभारत, शहडोल। जिले में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा पीड़ित नागरिकों को तत्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी 14 थानों में साइबर डेस्क की शुरुआत की गई है। अब साइबर अपराध से संबंधित शिकायत दर्ज कराने के लिए नागरिकों को जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। अपने नजदीकी थाने में ही शिकायत दर्ज कराकर आवश्यक पुलिस सहायता



प्राप्त की जा सकेगी।

पुलिस अधीक्षक शहडोल डॉ. संजय अग्रवाल ने बुढार थाना पहुंचकर फीता काटकर साइबर डेस्क का शुभारंभ किया। इस पहल के बाद थाना स्तर पर ही साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता से प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इससे पीड़ितों को समय पर सहायता मिलने के साथ ही साइबर अपराधों की सूचना पुलिस तक तेजी से पहुंच सकेगी।साइबर डेस्क के माध्यम से ऑनलाइन ठगी, साइबर धोखाधड़ी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध तथा अन्य साइबर अपराधों की शिकायतें प्राप्त की जाएंगी। शिकायत मिलने के बाद प्राथमिक स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए संबंधित मामलों को आगे की जांच एवं कार्रवाई के लिए उचित स्तर पर भेजा जाएगा।

जलभराव से धान की फसल को खतरा

अधिक नमी से होगा फफूंद रोगों का प्रकोप

नवभारत,शहडोल। लगातार बारिश के बाद खेतों में बने जलभराव और लंबे समय तक बनी नमी ने धान उत्पादक किसानों की चिंता बढ़ा दी है। धान की फसल इस समय विकास की महत्वपूर्ण अवस्था में है और खेतों में अधिक समय तक पानी जमा रहने तथा वातावरण में नमी बने रहने से विभिन्न फफूंद जनित रोगों का खतरा बढ़ सकता है। इनमें शीथ ब्लाइट प्रमुख रोगों में शामिल है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान के खेतों में लंबे समय तक नमी रहने और हवा का



पर्याप्त संचार नहीं होने की स्थिति में रोग फैलने के लिए अनुकूल वातावरण बन सकता है। शीथ ब्लाइट की स्थिति में पौधे की पत्तियों और तने के आसपास धब्बे दिखाई देने लगते हैं, जिससे पौधे की वृद्धि प्रभावित हो सकती है और उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका रहती है।

शहडोल जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के बाद खेतों में पानी जमा होने से किसान फसल को लेकर चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि लगातार बारिश के बीच खेतों में जल निकासी की समस्या बनी रही तो फसल में रोग लगने की आशंका बढ़ सकती है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे खेतों का नियमित निरीक्षण करें और पौधों में किसी भी प्रकार के असामान्य धब्बे, पत्तियों के सूखने या तने के आसपास संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल कृषि विशेषज्ञों से संपर्क करें। बिना विशेषज्ञ की सलाह के किसी भी कीटनाशक या फफूंदनाशक का प्रयोग करने से बचने की सलाह भी दी जा रही है।

त्वरित कार्रवाई पर वैश्य महासम्मेलन ने की पुलिस की सराहना

पुलिस अधिकारियों का किया सम्मान, चोरी की वारदात का 6 घंटे में किया था खुलासा

नवभारत, शहडोल। नवीन अग्रवाल के यहां हुई चोरी की वारदात में पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 6 घंटे के भीतर चोर को पकड़कर चोरी गया सामान बरामद करने में सफलता हासिल की गई। पुलिस की इस तत्परता और प्रभावी कार्रवाई के लिए वैश्य महासम्मेलन शहडोल द्वारा पुलिस प्रशासन का सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया। वैश्य महासम्मेलन शहडोल द्वारा शहडोल जिले के पुलिस अधीक्षक



संजय अग्रवाल का सम्मान किया गया। साथ ही उप पुलिस अधीक्षक श्री गौतम का भी सम्मान कर पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की गई।

इसके पश्चात वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों द्वारा थाना कोतवाली शहडोल के टीआई राघवेंद्र तिवारी एवं उनकी पूरी पुलिस टीम का सम्मान किया गया। सामान बरामद करने पर पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।सम्मान समारोह में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी पदम खेमका, संभाग अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अनिल सोनी, दिनेश अग्रवाल, निलेश मोर, बृजकिशोर गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, संदीप अग्रवाल, पीयूष सोनी, नरेश सिंघल, जवाहर लाल सोनी, रामकरण गुप्ता, प्रयाग महाजन, कमल गुप्ता, अजय सोनी, विजय केशरवानी, सत्यनारायण गुप्ता, निलेश शाह, मन्नू भैया, जेपी गुप्ता, अजय साहू एवं सत्यभामा गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला इकाई शशि गुप्ता, अंजना गुप्ता एवं नीतू मोर भी मौजूद रहीं। वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई को सराहनीय बताते हुए कहा कि इस तरह की तत्परता से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत होता है।

साक्षरता रैली | जिले में साक्षरता रैलियों का आयोजन

नृत्य-नाटिका से बताया विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने का महत्व

नवभारत, शहडोल। अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिलेभर में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय शहडोल में आयोजित कार्यक्रम में साक्षरता रैली, नृत्य-नाटिका एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आमजन को शिक्षा और साक्षरता के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला मुख्यालय से निकाली गई साक्षरता रैली से हुआ। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में साक्षरता संबंधी संदेशों की तख्तियां लिए



विद्यार्थियों ने लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर जिला साक्षरता अधिकारी सावित्री सोनी ने कहा कि भारत सरकार की नई शिक्षा नीति-2020 के तहत प्रदेश को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के उद्देश्य से नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर जिले में चिन्हित असाक्षरों को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।उन्होंने कहा कि साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना-लिखना सीखना नहीं है, बल्कि गणना, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता तथा जीवनोपयोगी कौशल विकसित करना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम के माध्यम से 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे नागरिकों को शिक्षा से जोड़ा जा रहा है, जो किसी कारणवश औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने साक्षरता आधारित आकर्षक नृत्य-नाटिकाओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा साक्षरता अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी, शिक्षक, जन अभियान परिषद के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

खदानों को देखने पहुंचे कोयला मंत्रालय सचिव

मनोज कुमार गांगेय ने किया एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र का दौरा

नवभारत, धनपुरी। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के संयुक्त सचिव एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी मनोज कुमार गांगेय ने 7 सितंबर को एसईसीएल के सोहागपुर क्षेत्र का दौरा किया। श्री गांगेय का सायं लगभग 4 बजे सोहागपुर क्षेत्र में आगमन हुआ, जहां क्षेत्रीय महाप्रबंधक मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा उनका स्वागत किया गया।

विवेक नगर भूमिगत खदान का दौरा

श्री गांगेय ने बंद हो चुकी विवेक नगर भूमिगत खदानका दौरा किया। इस दौरे के दौरान एसईसीएल बिलासपुर के महाप्रबंधक पीयूष किशोर भी उपस्थित रहे। वर्तमान में बंद इस खदान को कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार ईको पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। श्री गांगेय ने परिसर में विकसित किए जा रहे तालाब एवं 5 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र का अवलोकन किया। यह संयंत्र क्षेत्र में हरित ऊर्जा



को बढ़ावा देने के साथ-साथ आसपास के लोगों के लिए जनोपयोगी पहल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र के विस्तार के संदेश के साथ श्री मनोज कुमार गांगेय, एसईसीएल बिलासपुर के महाप्रबंधक पीयूष किशोर तथा सोहागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक मनीष कुमार श्रीवास्तव ने ईको पार्क परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विवेक नगर भूमिगत खदान की नोडल अधिकारी संस्कृति साहू भी उपस्थित रहीं तथा उन्होंने परियोजना से संबंधित जानकारी साझा की।

विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की

विवेक नगर भूमिगत खदान के दौरे के पश्चात सोहागपुर हाउस में सोहागपुर क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों, उपक्षेत्र प्रबंधकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र में संचालित विभिन्न कार्यों एवं कंपनी से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में एसईसीएल में चल रहे तीन माह के केंद्रीय सतर्कता अभियान की गतिविधियों एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष रूप से चर्चा हुई। अधिकारियों द्वारा अभियान के अंतर्गत किए जा रहे प्रयासों एवं गतिविधियों की जानकारी साझा की गई। बैठक का संचालन पार्थ चटर्जी, सोहागपुर क्षेत्र द्वारा किया गया।